सदस्यों के नाम पत्र

आदरणीय दोस्तो!

22 अप्रैल 2014 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति-कार्यालय पर धरने में बड़ी संख्या में शिक्षक पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। एच.सी.टी.ए. के संघर्षों में यह एक चिरस्मरीण घटना थी। सभी सदस्यों का हार्दिक आभार और अभिनंदन। युनिवर्सिटी संबंधित मांगों पर प्रशासन से बातचीत चल रही है।

1. 2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों की नई पैंशन स्कीम के लिए मैचिंग-ग्रांट के आदेश जारी होने के बाद की कार्रवाई के प्रति सदस्यों को चौकस रहने का आग्रह है। सदस्य तत्काल यह सुनिश्चित करें कि **NSDL** से खाता खुलवाकर प्रिंसीपल सभी के खातों में पैसा जमा करवायें तथा सरकार से मैचिंग-ग्रांट जारी करवायें।
2. 'समन्वित मैडिकल स्कीम' लागू करवाने के लिए हमारे प्रयास चल रहे हैं। अभी 7 मई 2014 को पदाधिकारी मुख्यमंत्री जी से उनके दिल्ली स्थित निवास पर इसी मांग को लेकर मिले थे। मुख्यमंत्री ने हमें 'विचार करने का' आश्वासन दिया है। आने वाले दिनों में हम अपने प्रयास और तेज करेंगे।
3. सभी यूनिटों से अनुरोध है कि अपनी सदस्यता फीस जितनी जल्दी हो सके वित्त सचिव डॉ. रामपाल सिंह (09466434303) के पास भेज दें। यूनिट के सभी सदस्यों की फीस जमा करवाना अति आवश्यक है।
4. एस.डी. महिला महाविद्यालय, हांसी (हिसार), इन्दिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल, जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला कैंट आदि बहुत से कॉलेज नियमित/स्थाई भर्ती नहीं कर रहे।

   इस बारे में हम सरकार व युनिवर्सिटी को सख्त कदम उठाने के लिए लिख रहे हैं। सदस्यों से भी अनुरोध है कि वे अपने-अपने कॉलेजों में तत्काल स्थाई भर्ती के लिए प्रयास करें।
5. सरकार से सम्बन्धित मांगों के लिए एच-फुक्टो के स्तर पर जल्दी ही अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम है।

क्रांतिकारी अभिवादन के साथ

शिक्षक एकता जिंदाबाद!

एच.सी.टी.ए. जिंदाबाद!

भवदीय

(डॉ. रविन्द्र गासो)